प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

....................

- जल जंगल और जमीन की रक्षा के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की डेढ सौ वी जंयती पर राष्ट्रीय कार्यक्रम गुजरात और राज्यस्तरीय कार्यक्रम डूंगरपुर में आयोजित किया जा रहा है।

- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी श्रीनिवास प्रदेश के नये मुख्य सचिव हो सकते है–राज्य सरकार के आग्रह पर उन्हें केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से रिलीव किया गया।

- प्रदेश में कुछ शहरों मे रात के तापमान में गिरावट से सर्दी के तेवर तीखे–माउंट आबू में पारा आज 3 डिग्री सैल्सियस दर्ज हुआ।

- राज्य में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत करीब साढे चार लाख लोगों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के लिये जागरूक किया गया।

....................

जल जंगल जमीन की रक्षा के प्रतीक आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की डेढ सौ वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज समूचा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री मोदी नर्बदा जिले के डेडियापाडा में 9 हजार 700 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय अभियान पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बनाये गये एक लाख घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शाामिल होंगे। श्री मोदी जनजातीय क्षेत्रों में संपर्क बढाने के लिए 748 किलोमीटर नई सड़कों और 14 जनजातीय बहुविपणन केन्द्रों की आधारशीला रखेंगे। इधर प्रदेश में भी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जनजातीय नायक बिरसा मुंडा को याद किया जा रहा है। राज्यस्तरीय समारोह आज डूंगरपुर के भोगी लाल पंड्या कॉलेज मैदान में होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण सहित प्रदेश को विभिन्न विकास कार्यो की सौग़ात देंगे।

....................

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में करौली, कोटपूतली–बहरोड, बाडमेर, सवाईमाधोपुर सहित अन्य जिलों में प्रदर्शनी लगायी गई है। इसके साथ ही शोभायात्रा स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पाजंलि, चिकित्सा शिविर और अन्य कार्यक्रम रखे गये है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में बिरसा मुंडा जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाजों के अधिकारों की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान महत्वपूर्ण है। वे देश की अमूल्य धरोहर है।

....................

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिहार विधानसभा चुनावों में मिली प्रचंड जीत को विकास की राजनीति का जनादेश बताया है। उन्होंने रिकॉर्ड वोटिंग के लिए मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र देश की चुनावी प्रकिया में लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

....................

श्री मोदी ने कहा कि सभी दलों का ये कर्तव्य है कि वे मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें।

....................

राज्य में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जोर शोर से जारी है। एसआईआर प्रकिया के तहत पिछले 11 दिनों में बीएलओ ने घर–घर जाकर 5 करोड़ 30 लाख मतदाताओं को गणना फॉर्म उपलब्ध करवाये है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 97 प्रतिशत मतदाताओं तक ईफ पंहुच

गये है वहीं 61 लाख गणना फॉर्म ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे गणना फॉर्म ऑनलाईन भरने के विकल्प का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। एसआईआर कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर भरतपुर के नदबई के बीएलओ को तुरंत प्रभाव ने निलंबित कर दिया गया है।

....................

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी श्रीनिवास प्रदेश के नये मुख्य सचिव हो सकते है। राज्य सरकार के आग्रह पर केन्द्र सरकार ने उन्हें कार्यमुक्त कर उनके मूल राजस्थान कैडर में वापसी को मंजूरी दे दी है। वी श्रीनिवास वर्तमान में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा पेंशन एवं पेशनर्स कल्याण विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे। केबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनकी केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से मुक्ति को मंजूरी दी है। इस बीच अब राज्य सरकार उनके मुख्य सचिव बनने के आदेश जारी कर सकती है। वहीं राज्य के मुख्य सचिव रहे सुधांश पंत को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है।

....................

राजसमंद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने भू–अभिलेख निरीक्षक को सात लाख रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण ने बताया कि आरोपी ने ये राशि जमीन की पैमाइश और नक्शा शुद्धिकरण के लिए मांगी थी। परिवादी की शिकायत के बाद श्री चारण के नेतृत्व में ट्रेप की कार्यवाही अंजाम देकर डमी नोटो के साथ भू–अभिलेख निरीक्षक को गिरफ्तार किया गया। एसीबी की आरोपी के घर सहित अन्य ठिकानों पर भी तलाशी जारी है।

....................

प्रदेश के कुछ शहरों में रात के तापमान में गिरावट से सर्दी के असर में बढोतरी देखने को मिली है। प्रदेश के 13 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 से 13 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्दी के तेवर अब तीखे हो गए है। माउंटआबू में पारा 3 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

....................

मौसम विभाग ने उत्तरी हवाओं के प्रभाव से सीकर और टोंक जिलों में आज और कल शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं चूरू और झुंझुनूं में भी राते काफी सर्द रहने के आसार है। विभाग के अनुसार अन्य स्थानों पर मौसम साफ रहने की संभावना है।

....................

प्रदेश में सड़क सुरक्षा के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्वाही की जा रही है। 4 नवम्बर से शुरू हुए पुलिस परिवहन तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के इस संयुक्त अभियान में करीब साढे चार लाख लोगों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के लिये जागरूक किया गया। 18 हजार से अधिक वाहनों के चालान किये गये वहीं 91 वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गो पर ढाई हजार से ज्यादा ट्रक और बस चालकों की आंखों की जांच कर जरूरतमंद चालकों को चश्मे वितरित किए गए। वहीं राज्य सरकार ने कहा है कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। महाविधवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कल हाईकोर्ट में इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रोड सेफ्टी कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। हाईकोर्ट की खण्ड पीठ ने प्रारूप को 26 नवम्बर तक अदालत में पेश करने को कहा है।

....................